236 / सी0
दिनांक 3-4 ।

## ।। कार्यालय जिलाधिकारी गढ़वाल ।।

E-Mail ID:dmgarhwal@gmail.com /PHONE- 01368-222250/Fax: 222080

संख्याः 7325 / 26–एल0ए0सी0 / 2019, दिनांक पौडी मार्च 09-03-,2019

### आदेश

उपजिलाधिकारी श्रीनगर ने अपने पत्र संख्या 311 / जे0ए0–2018–19 दिनांक 12.02.2019 के द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल में निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग पौड़ी द्वारा प्रस्तावित अरकनी–खन्दूखाल–मुछियाली से ग्राम देवलगांव तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु ग्राम मरगुण पट्टी रावतस्यूँ तहसील श्रीनगर के नॉन जेड0ए0. श्रेणी 9(3) ख 2 झाड़ी की भूमि खाता संख्या 3 / 8 के खसरा नं0 171 रकवा 13.647 है0 मध्ये 8.870 है0 भूमि को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु भूमि प्रस्तावित की गई हैं। प्रस्तावित भूमि पर कोई मकान, पनघट, कब्रिस्तान, धर्मशाला आदि नही है। प्रस्तावित भूमि सार्वजनिक उपयोग की नही हैं। प्रस्तावित भूमि राज्य सरकार केसर हिन्द भूमि है। जो कि विवादित नहीं हैं।

2– शासनादेश संख्या–2173 / XVII(2)/2012-18(120)/2010 दिनांक 17.12.2012 के द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिये क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु 20.000 है0 सिविल भूमि को वन विभाग के पक्ष में नियनानुसार हस्तान्तरित किये जाने का प्राधिकारी जिलाधिकारी को प्रतिनिधायित किया गया हैं।

अतः जनपद पौड़ी गढ़वाल के निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग पौड़ी द्वारा प्रस्तावित अरकनी–खन्दूखाल–मुछियाली से ग्राम देवलगांव तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु उपजिलाधिकारी श्रीनगर की आख्या एवं उक्त शासनादेश में दिये गये निर्देशानुसार ग्राम मरगुण पट्टी रावतस्यूँ तहसील श्रीनगर के नॉन जेड0ए0. श्रेणी 9(3) ख 2 झाड़ी की भूमि खाता संख्या 3 / 8 के खसरा नं0 171 रकवा 13.647 है0 मध्ये 8.870 है0 भूमि को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वन विभाग के नाम हस्तान्तरण एवं नामान्तरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती हैं। उपजिलाधिकारी / तहसीलदार श्रीनगर तद्नुसार अभिलेखों में अमलदरामद की कार्यवाही करना सुचिश्चत करें।

(धीराज सिंह गर्ब्याल)
जिलाधिकारी, गढ़वाल।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– सचिव, उत्तराखण्ड शासन, राजस्व विभाग, देहरादून।
2– आयुक्त, गढ़वाल मण्डल पौड़ी।
3– नोडल अधिकारी / प्रभागीय वनाधिकारी गढ़वाल वन प्रभाग पौड़ी।
4– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, पौड़ी।
5– उपजिलाधिकारी / तहसीलदार श्रीनगर।

No 236 / सी0 दि0 3-4-19
प्रतिलिपि स0 अभि0 द्वितीय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

(धीराज सिंह गर्ब्याल)
जिलाधिकारी, गढ़वाल।

Photo Copy Attestd
Assistant Engineer
C.D. P.W.D Pauri